हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

13 समाज प्रमुखों ने आर्थिक रूप से कमजोर युगल ...

14 श्री महासती मंदिर का 74वां वार्षिकोत्सव 23 से 25 ...




## खबर संक्षेप

### 30 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



भटगांव। स्थानीय पुलिस शराब कोचियों पर एक के बाद एक कार्रवाई कर रही है। ग्राम ठरकपुर एवं गदहभाठा में छापामार कार्यवाही कर 2 अलग-अलग मामलों में दो शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया।आरोपियों के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। ग्राम ठरकपुर एवं गदहभाठा में रेड कार्यवाही कर, अवैध रूप से महुआ शराब हाथ भठ्ठी का बिक्री करने हेतू रखे पैदल जाते रंगे हांथ पकड़ा गया। आरोपी गरीब दास पिता दास 45 वर्ष ग्राम ठरकपुर थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 4000 आरोपी हलदर निराला पिता मंसाराम उम्र 59 वर्ष साकिन गदहभाठा थाना भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 2000 रुपए जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर उप जेल सारंगढ़ भेजा गया है।

### नपं अध्यक्ष ने उठाया पेंशन में देरी का मुद्दा

**पलारी**। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने प्रदेश सरकार पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के क्रियान्वयन में घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग 23 लाख



बुजुर्ग, विधवा महिलाएं और दिव्यांगजन पिछले 5 महीनों से अपनी पेंशन राशि का इंतजार कर रहे हैं, जिससे उन्हें राशन और दवाइयों जैसी दैनिक जरूरतों के लिए भटकना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा पिछले 5 महीने से अटका हुआ पेंशन का पूरा एरियर एकमुश्त जारी किया जाए। पेंशन में देरी का वास्तविक कारण सार्वजनिक कर हर महीने तय समय पर भुगतान की स्थायी व्यवस्था बने। पेंशन केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि कमजोर वर्गों के सम्मान और जीवन-यापन का मुख्य आधार है, इसमें देरी अन्यायपूर्ण है।

### मछली पकड़ने के नाम पर विवाद

**महासमुंद**। ग्राम खुड़मुड़ी में मछली पकड़ने को लेकर हुए विवाद के चलते एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में बागबाहरा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को यादराम साहू ने बताया कि 18 अगस्त को मछली पकड़ने के नाम पर हुए विवाद के चलते प्रीतम दीवान और उसके भाईयों ने गाली गलौज कर मारपीट की बीच बचाव करने आए उसके मां एवं पिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115, 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जुआ खेल रहे 10 लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। बस स्टैंड के पीछे पिथौरा में जुआ खेल रहे 10 लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 10 हजार से ज्यादा रुपए बराम किए हैं। पुलिस ने 19 अगस्त को जुआ खेल रहे प्रकाश डडसेना, शेख अजीम, रमाकांत क्षेत्रपाल, सुभाष अग्रवाल, मीना कुमार सिन्हा, लिलेश डडसेना, मुकेश अग्रवाल, हरीश कुमार साहू, गंगाराम सिन्हा, ओमकार सिंह के संयुक्त कब्जे से नगदी रकम 10310 रुपए को जब्त किया है।

# ग्राम पंचायत खैरा सचिव के खिलाफ शिकायत पर जांच शुरू

**सरपंच-पंच एवं ग्रामीणों के लिए गए बयान, कार्यवाही के दौरान होता रहा हंगामा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

ग्राम पंचायत खैरा में सचिव के खिलाफ सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के मामले में जांच प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिकायत की जांच के लिए पहुंचे जांच अधिकारी ने संबंधित सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से पूरे मामले को लेकर अलग-अलग बयान दर्ज किए।जांच अधिकारी ने शिकायत में लगाए गए आरोपों के संबंध में सभी पक्षों से जानकारी ली तथा उनके बयान दर्ज किए। इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं एवं शिकायत से जुड़े विभिन्न बिंदुओं को जांच अधिकारी के समक्ष रखा। अब जांच अधिकारी द्वारा दर्ज किए गए बयानों एवं उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा। जांच के बाद मामले में वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी। सरपंच हीरप्रकाश मिरी ने सचिव आरोप पर लगाते हुए कहा कि सचिव छोटे छोटे कामों जैसे जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए पैसे की मांग करती है। ग्रामीण मुझसे शिकायत करते हैं एवं कराए गए कार्य की लंबित भुगतानों को पास नहीं करती है, ऐसे सचिव को तत्काल हटाया जाए।रामसाय मनहरे ने कहा कि सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों द्वारा जनपद पंचायत में सचिव के खिलाफ लिखित शिकायत की था, जिसकी जांच के लिए मैं यहां आया हूं और सबका बयान लिखित रूप में लिया हूं। जांच करने के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट होगी। कि सचिव को यहां से हटाकर दूसरे सचिव को भेजा जाए।






**आरोप को बेबुनियाद**

सचिव रितु साहू ने अपने ऊपर लगाए गए आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि मेरे खिला सरपंच द्वारा इस प्रकार के प्रपंच किया गया है और न मैं किसी से कोई रकम की मांग की है।

## हत्या : पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी निकला विधि से संघर्षरत बालक

# दूध बेचने जा रहे वृद्ध से सड़क पर बैठे युवक ने मांगा पैसा, नहीं देने पर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम मुड़ियाडीह-खैंदा मेन रोड पर 65 वर्षीय वृद्ध की हत्या का सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, लोकेशन ट्रैकिंग और मुखबिर तंत्र की मदद से घटना के बाद फरार हुए विधि से संघर्षरत एक बालक को महासमुंद क्षेत्र से हिरासत में लिया है।पुलिस के अनुसार 18 अगस्त की शाम ग्राम मुड़ियाडीह निवासी केजराम ध्रुव का शव मुड़ियाडीह-खैंदा मेन रोड पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से गंभीर चोट के निशान मिले। परिजनों ने बताया कि केजराम शाम करीब 5 बजे ग्राम खैंदा में दूध देने के लिए घर से निकले थे। मृतक के पुत्र लकेश्वर ध्रुव की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर धारा 103(1) बीएनएस में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पूछताछ में बालक ने हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार, घटना के समय वह मेन रोड पर बैठा था। इसी दौरान दूध लेकर जा रहे केजराम ध्रुव को रोककर उसने रुपये मांगे। रुपये देने से मना करने पर आरोपी ने कथित तौर पर गुस्से में गुप्ती जैसे धारदार हथियार से वृद्ध पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने के बाद वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि विधि से संघर्षरत बालक के संबंध में आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है। मामले में आगे की विवेचना जारी है।





**रुपए देने से मना किया तो कर दिया हमला**

पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल और आसपास के मार्गों का तकनीकी विश्लेषण करने के साथ मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि घटना के बाद फरार विधि से संघर्षरत बालक बलौदाबाजार से रायपुर पहुंचा और वहां से बस के जरिए महासमुंद की ओर जाने की फिराक में है। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर उसका पीछा किया और महासमुंद क्षेत्र में उसे हिरासत में ले लिया।

## स्कूल परिसर में बिजली तार बना खतरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

ग्राम पंचायत टोनाटार के पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला में स्कूल बाउंड्री के अंदर ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। बरसात के दिनों में स्कूल के अंदर एवं ट्रांसफार्मर के आसपास घास उग गए हैं और पानी भरा हुआ है। ट्रांसफार्मर से निकले एलटी बिजली तार विद्यालय बाउंड्री के अंदर से गुजर रहा है। विद्यालय के अंदर से गुजर रहे बिजली तार लंबे समय से नीचे लटका हुआ है, लेकिन अभी तक संबंधित बिजली विभाग द्वारा इसे ठीक नहीं कराया गया है। विद्यालय ग्राउंड के आसपास अक्सर बच्चे खेलते रहते हैं। ऐसे में खुले और नीचे लटकते तार बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। गांव के लोगों का कहना कि पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के छोटे बच्चे इस स्कूल में पढ़ने आते हैं, खेलते समय बच्चे अनजाने में तारों के संपर्क में आ सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद ▶▶ शेष पेज 12 पर

- परिसर से ट्रांसफार्मर हटाने ग्रामीण कई बार कर चुके हैं मांग

## सोलर प्लांट में चोरी करने वाला अंतरराज्यीय शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने अभियान के तहत एक अंतरराज्यीय शातिर चोर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी सोलर प्लांट की फेंसिंग तार के नीचे से घुसकर सोलर पैनल और केबल वायर काटकर भागने की फिराक में था, जिसे मौके पर ही दबोच लिया गया।

19 अगस्त को सोलर प्लांट में चोरी की सूचना पर सिक्योरिटी गाड्र्स और ग्रामीणों की मदद से आरोपी को पकड़ा गया। प्रार्थी अमित कुमार टंडन की रिपोर्ट पर थाना सुहेला में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। उसके कब्जे से 1 नग सोलर पैनल कीमत 8 हजार, 20 मीटर केबल वायर कीमत 1,100 और घटना में प्रयुक्त तार कटर जब्त किया गया।



गिरफ्तार आरोपी रामप्रसाद मरावी 35 वर्ष निवासी मंडला मध्य प्रदेश हाल मुकाम बीरगांव रायपुर, एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पूर्व में भी चोरी के 3 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में सुहेला पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेजने की वैधानिक कार्रवाई की।

## जिले के औद्योगिक क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का जल्द होगा विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

औद्योगिक जिले बलौदाबाजार में श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी पहल हुई है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात कर बलौदाबाजार में 200 बिस्तर वाले सर्वसुविधायुक्त ईएसआईसी अस्पताल की स्थापना का प्रस्ताव रखा। केंद्रीय मंत्री ने इस जनहित के मुद्दे पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है।जिले में बड़ी संख्या में सीमेंट, पावर और स्टील उद्योगों के ▶▶ शेष पेज 12 पर



**18 हजार से अधिक बीमितों को लाभ**

जिले में वर्तमान में 17,942 पंजीकृत कर्मचारी कार्यरत हैं, जबकि सामाजिक सुरक्षा के तहत 18,308 बीमित व्यक्ति ईएसआईसी की सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। ईएसआईसी के माध्यम से श्रमिकों और उनके परिवारों को उपचार के साथ बीमारी, मातृत्व तथा कार्यस्थल दुर्घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा भी मिलती है।प्रदेश में 31 मार्च 2025 तक 15,66,430 कर्मचारी ईएसआईसी में पंजीकृत थे। वहीं राज्य में कुल 37,283 नियोजक पंजीकृत हैं, जिनमें 13,426 सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।

## खाद्य और औषधि प्रशासन ने 10 किलो बूंदी कराया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा बुधवार को पलारी क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान एक हॉटल में अस्वच्छ स्थिति में भण्डारित 10 किलो बूंदी को नष्ट कराया गया एवं नोटिस जारी किया गया।

जानकारी के अनुसार मां आशापुरी बीकानेर स्वीट्स पलारी, बब्बू होटल पलारी, एसके सुपर मार्ट पलारी, प्रकाश ढाबा एंड फैमली रेस्टोरेंट मेन रोड कुकदा का निरीक्षण कर मिल्क केक, नमकीन, पनीर, वेज बिरयानी एवं खजूर का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। बब्बू होटल पलारी में अस्वास्थ्यकर दशाओं में भंडारित 10 किलो बूंदी को मौके पर नष्ट कराया गया। प्रकाश ढाबा एंड फैमली रेस्टोरेंट मेन रोड कुकदा (पलारी) में अस्वच्छता पाए जाने पर मौके पर नोटिस जारी किया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को सख्त हिदायत दी है कि वे त्यौहारों के दौरान केवल उच्च गुणवत्ता और स्वच्छता मानकों के अनुरूप ही खाद्य पदार्थों का निर्माण व विक्रय करें। बिना खाद्य पंजीयन या लाइसेंस के संचालित होने वाले अस्थायी स्टॉलों और शहरी क्षेत्रों से ग्रामीण हाट-बाजारों की ओर होने वाली संदिग्ध मिठाइयों की सप्लाई चैन पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे जागरूक रहें और पैकेटबंद मिठाइयों या सामग्रियों को खरीदते समय लेबलिंग की जाँच एवं बिल अवश्य लें। ज्ञातव्य है कि रक्षाबंधन पर्व एवं बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सात दिवसीय सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान बने खाबो-बने रहिबो अभियान संचालित किया जा रहा है।



**स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों मिला प्रशस्ति पत्र**

# श्रेष्ठ प्रदर्शन पर जिला अस्पताल राज्य स्तर पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी रूप से लागू करने तथा स्वास्थ्य संबंधी डिजिटल रिकॉर्ड के बेहतर प्रबंधन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला चिकित्सालय को राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली संस्था के रूप में प्रशस्ति पत्र लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रदान किया। यह सम्मान आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, स्टेट मॉडल डिस्ट्रिक्ट, फैसिलिटीज, राज्य स्तरीय उद्घाटन कार्यशाला में प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं संजीव कुमार झा तथा संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण भारत सरकार विक्रम पगारिया उपस्थित रहे। कार्यशाला का आयोजन 19 अगस्त को रायपुर में किया गया, जिसमें राज्य स्तर पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के क्रियान्वयन एवं डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार द्वारा एबीडीएम एवं हेल्थ रिकार्ड लिंकेज के क्षेत्र में किए गए प्रभावी कार्य को राज्य स्तर पर सराहा गया। अस्पताल में डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने, स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल माध्यम से लिंक करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने इस उपलब्धि पर जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य टीम को बधाई देते हुए कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से मरीज-केंद्रित, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत करने में सहायता मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी ने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य पहल है, जिसका उद्देश्य देश में एक मजबूत, सुरक्षित और आपस में जुड़े हुए डिजिटल स्वास्थ्य तंत्र का निर्माण करना है। इसके माध्यम से मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से व्यवस्थित करने, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने तथा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के बेहतर आदान-प्रदान की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के माध्यम से नागरिकों को एक डिजिटल स्वास्थ्य पहचान उपलब्ध होती है। इससे मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से व्यवस्थित एवं आवश्यकता के अनुसार साझा कर सकते हैं। साथ ही, डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड के माध्यम से मरीज की पूर्व स्वास्थ्य जानकारी चिकित्सकों तक उपलब्ध होने से उपचार एवं फॉलोअप को अधिक सुविधाजनक बनाने में सहायता मिलती है।




## महानदी में मिली बुजुर्ग महिला की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



ग्राम घटमडवा स्थित महानदी बैराज डैम में गुरुवार दोपहर एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला का शव ग्रामीणों ने देखा। घटना की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान बहुरमति साहू पति स्व. बाबूलाल साहू, निवासी ग्राम धरदेई थाना शिवरीनारायण के रूप में हुई है, जो हाल ही में गिधौरी में अपने बेटे-बहू अलगराम साहू के साथ रह रही थीं।

- पारिवारिक कलह में आत्महत्या की आशंका

परिजनों के अनुसार, महिला गुरुवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच किसी बात से परेशान होकर घर से निकल गई थी। स्थानीय सूत्रों और चर्चाओं के अनुसार, महिला का अपने बेटे और बहू के साथ अक्सर विवाद होता रहता था। आशंका जताई जा रही है कि पारिवारिक कलह से तंग आकर उन्होंने महानदी में कूदकर जान दे दी।

ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर ग्राम कोटवार ने गिधौरी पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। गिधौरी पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम जानकी मंदिर में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में सावन के महीने के सप्तमी तिथि को तुलसीदास जयंती मनाई गई। इस साल 19 अगस्त बुधवार को गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई। जयंती पर शिव महापुराण कथा सुनने वाले लोगों की भीड़ रही। शिव महापुराण कथा के बाद भक्तों ने गोस्वामी तुलसीदास की पूजा अर्चना की। मंदिर आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि तुलसीदास जयंती में बच्चों ने मानस पाठ सुना। गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तुलसीदास ने रामभक्ति के द्वारा न केवल अपना ही जीवन संतुष्ट किया वरन सभी को राम के आदर्शों से बांधने का प्रयास किया। वाल्मिकी की रचना रामायण को आधार मानकर गोस्वामी तुलसीदास ने लोक भाषा में राम कथा की रचना की। तुलसीदास जिनका नाम आते ही प्रभु राम का स्वरुप भी सामने उभर आता है।

### सिरपुर में गंधेश्वर नाथ की पालकी सवारी 23 को

**महासमुंद।** सावन माह के अंतिम रविवार को ऐतिहासिक व प्रसिद्ध तीर्थस्थली सिरपुर में राजाधिराज बाबा गंधेश्वरनाथ की पालकी सवारी 23 अगस्त को निकाली जाएगी। गंधेश्वर नाथ ट्रस्ट कमेटी सिरपुर के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। इसके अलावा इस यात्रा में भाग लेने काफी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचते हैं। जानकारी देते हुए ट्रस्ट कमेटी के मैनेजिंग ट्रस्टी दाऊलाल चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर ने बताया कि दोपहर 2 बजे पालकी सवारी निकलेगी और बाबा गंधेश्वर नाथ अपने भक्तों का हाल-चाल लेते हुए सिरपुर भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचेंगे। इस दौरान मंदिर के पट दर्शनार्थियों के लिए बंद रहेगा। सावन के अंतिम सोमवार होने के कारण काफी संख्या में जलाभिषेक के लिए कांवड़ यात्रियों के पहुंचने की संभावना है। कांवड़ यात्रियों के लिए भोजन भंडारे की व्यवस्था भी की गई है। साहू समाज द्वारा कर्मा भवन में भंडारा रखा गया है। वही बोल बम सेवा समिति सिरपुर के अध्यक्ष थनवार यादव ने बताया कि यज्ञशाला में दोपहर 1 बजे से शिव भक्त टोली महासमुंद द्वारा तथा बोल बम शेड में रात्रि कालीन भंडारा अमर अरुण चंद्राकर मालीडीह तथा महाकाल ग्रुप महासमुंद तथा महामाया ग्रुप महासमुंद द्वारा रखी गई है।

### बिरकोनी स्कूल परिसर के अंदर हो रहीं शराबखोरी

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में शराबखोरी का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा। ग्रामीणों में आक्रोश स्कूल व आंगनबाड़ी बंद होते ही शराबखोरी शुरू होती है। वहीं मंदिर के आसपास गंदगी कर डिस्पोजल पानी पाउच फेक देते हैं। महिलाओं को पूजा अर्चना करने में दिक्कत होती है। हॉस्पिटल के सामने शिवलिंग मंदिर के सामने आंगनबाड़ी अंदर शाम से रात तक शराबखोरी आम हो गई है। प्राथमिक नवीन कन्या शाला में शाम होते ही गंजेड़ियों का जमावड़ा हो जाता है। शासकीय हाई स्कूल के मेन गेट बंद होने के बाद भी शराबी बगल के गेट से आके वहीं मैदान में शराबखोरी करने पर उतारू हो जाते हैं।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समितियों की बैठक 25 को

**महासमुंद।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय रिव्यु समिति एवं जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक मंगलवार 25 अगस्त को शाम 4:30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिले के बैंकिंग कार्यों, वार्षिक जिला साख योजना, शैक्षिक ऋण, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी एवं मत्स्य पालन ऋण प्रकरणों सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# बाढ़ आपदा से निपटने बालसमुंद जलाशय में किया मॉक ड्रिल

## एसडीआरएफ टीम सहित विभिन्न विभागों ने अभ्यास में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बाढ़ आपदा से बचाव का प्रशिक्षण गुरुवार को बालसमुंद जलाशय पलारी में जिला स्तर पर मॉक ड्रिल किया गया। इस मॉक एक्सरसाइज में एसडीआरएफ टीम, मेडिकल टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया। पहला अभ्यास भारी बारिश के कारण जलमग्न होने से एक टापू पर फंसे 5 ग्रामीणों की रेस्क्यू एवं दूसरा नदी में डूबते हुए ग्रामीण की रेस्क्यू का किया गया। इस दौरान जिला आपदा प्रबंधन के नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ए. आर. टंडन सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। भारी बारिश में टापू में फंसे होने की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन टीम द्वारा रेस्क्यू अभियान के लिए टीमों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये गए। एसडीआरएफ, पुलिस, होमगार्ड, राजस्व, मेडिकल सहित अन्य विभाग की टीम मौक़े पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम लाइफ जैकेट एवं अन्य साजो-सामान के साथ मोटर बोट में रेस्क्यू के लिए रवाना हुए। टापू में पहुंचकर ग्रामीणों को मोटर बोट में बैठाकर लाया गया। मॉक ड्रिल में यह भी प्रदर्शित किया गया कि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद उनकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किस प्रकार की जाती है।



### बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे

मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से आपदा एवं राहत कार्यों को किस प्रकार व्यवस्थित, त्वरित एवं प्रभावी ढंग से संचालित किया जाता है, इसका व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया। रेस्क्यू, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, प्राथमिक उपचार, भोजन एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने से लेकर प्रभावितों को मानसिक संबल प्रदान करने तक की पूरी प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया। ग्रामीणों को दी गई आपदा से बचाव एवं सूचना की जानकारी मॉक ड्रिल को देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। इस दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को आपदा की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों तथा प्रशासन तक सूचना पहुंचाने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई।

## छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

# राजीव गांधी के योगदान और विचारों को किया याद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेसजनों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी के देश के प्रति योगदान और उनके विचारों को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के पश्चात कांग्रेसजन राजीव गांधी चौक पहुंचे, जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के सपनों के भारत के निर्माण तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष परमेश्वर यदु, जिला कोषाध्यक्ष हेमचंद केसरवानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष प्रवीण सेन, जिला महामंत्री सुनील साहू व समीर अग्रवाल, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम गिरी, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, सुरेंद्र यादव, शहर महामंत्री मोहन साहू, शहर उपाध्यक्ष डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जायसवाल, जिला महामंत्री लखेश साहू, सुखदेव साहू, जातिराम साहू, राजू रजक, सुंदरलाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।



### रिकोकला में मनाई गई राजीव गांधी जयंती

सेल। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती ग्राम रिकोकला में कांग्रेस परिवार एवं ग्रामीणजनों द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष बया प्रमोद कुमार साहू की अगुवाई में किया गया। वक्ताओं ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश को आधुनिक तकनीक संचार एवं युवा शक्ति के क्षेत्र में नई दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका जीवन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत रिकोकला के सरपंच राज दीवान, उपसरपंच प्रतिनिधि हीरालाल दीवान, टेकराम डड़सेना, राजेंद्र सोनी, सुकालू राम दीवान, राधे ठाकुर, दीनू दीवान, रेखराम दीवान, मिट्ठूलाल सोनवानी, गंगादीन डड़सेना, किशन डड़सेना, डेरहाराम, महेंद्र, सूखीराम डड़सेना, देवचरण डड़सेना, टेकलाल डड़सेना, समारु साहू, हेमंत डड़सेना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस परिवार के साथी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्व. राजीव गांधी के आदर्शों और राष्ट्रहित की भावना को आत्मसात करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया ।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ने मनाया सद्भावना दिवस

**कसडोल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए सद्भावना, एकता और प्रगतिशील विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम वर्मा ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत और डिजिटल क्रांति की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 21वीं सदी के सशक्त भारत का सपना देखा और पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से सत्ता के विकेंद्रीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। साथ ही युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार देकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की।



कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने संगठन की मजबूती, आपसी सद्भाव और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर गायत्री कैवर्त्य, लक्ष्मी साहू, योगेश बंजारे, पंकज जायसवाल, जागेश्वर वर्मा, चंदन साहू, द्वारका निर्मलकर, प्रकाश क्षत्रिय, निरेंद्र छत्रिय, चंदराम निषाद, चंद्र प्रकाश साहू, पुरी राम कोसले, जगाऊराम पटेल, कमल पटेल, रुद्र शंकर कैवर्त्य, रमेश कुमार केवट, महेश्वर वर्मा, तुकाराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# प्लांट कर्मियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत तिल्दा नेवरा क्षेत्र के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में नशामुक्ति एवं तनाव प्रबंधन को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत देशभर में 10 करोड़ लोगों को नशामुक्ति की शपथ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

■ ब्रह्माकुमारी संस्थान ने औद्योगिक संस्थानों में चलाया 'नशा मुक्त भारत' महाअभियान

इसी कड़ी में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड, सरोरा-तिल्दा नेवरा, महेंद्र स्पंज एंड पावर लिमिटेड, परसदा तथा हाइटेक पावर एंड स्टील, परसदा में कार्यक्रम आयोजित कर प्लांट के अधिकारियों, कर्मचारियों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। संभव स्टील ट्यूब्स में कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्वींस के सौजन्य से किया गया। ब्रह्माकुमारी तिल्दा नेवरा की बहन प्रियंका ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को तंबाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले शारीरिक और मानसिक नुकसान के प्रति जागरूक करना है। साथ ही कार्यस्थल पर तनाव कम करने और मानसिक संतुलन बनाए रखने के लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास भी कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों एवं युवाओं ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने की शपथ ली। वक्ताओं ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं और औद्योगिक संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड की सीएसआर हेड शीतल गोयल, केएमजीके मूर्ति, चिरंजीत राय, धनेश साहू, धर्मेश वैश्य, गुलाब साहू, धर्मेश नायक, सुचिता जैन, मनीष सिन्हा, जितेंद्र सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं महेंद्र स्पंज एंड पावर लिमिटेड से श्रीनिवास-वसु, अरुण कुमार पांडे, मोहंती, हितेश शाह तथा हाइटेक पावर एंड स्टील से भूपेंद्र धुसिया, कलीराम मधुकर, डिकेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के पहले दिन चार सौ से अधिक हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

हितग्राहियों तक सुगमता एवं त्वरित रूप से योजनाओं क लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के तहत गुरुवार को ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया गया। सभी पांच विकासखंड अंतर्गत 20 ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविर में लगभग 423 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। शिविर में पेंशन, शौचालय निर्माण, मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड सहित अन्य शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन शामिल रहे। शिविर में प्राप्त आवेदनों पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए लगभग 76 प्रतिशत आवेदनों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। शेष आवेदनों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है।



शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही और ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं का समाधान गांव में ही होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस का प्रस्ताव निंदनीय



**कसडोल।** कांग्रेस पार्टी की बैठक में वंदे मातरम् को लेकर पारित किए गए प्रस्ताव पर भाजपा मंडल कसडोल के अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निंदनीय बताया है। डॉ. मानिकपुरी ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रभक्ति और करोड़ों देशवासियों की भावनाओं से जुड़ा राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। ऐसे संवेदनशील विषय को लेकर राजनीतिक आपत्ति या विवाद खड़ा करना देश की भावनाओं का अपमान है। डॉ. सुदीप मानिकपुरी ने कहा कि कांग्रेस की वर्तमान राजनीति ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि वह राष्ट्रहित से जुड़े संवेदनशील विषयों को भी राजनीतिक चश्मे से देखने का प्रयास कर रही है। देश की जनता राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय प्रतीकों तथा देश की एकता और अखंडता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं करेगी।

## कांवड़ियों के सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर की धार्मिक एवं सामाजिक भावना को नई ऊंचाई देते हुए बोलबम युवा समिति द्वारा पुराना मलेरिया ऑफिस, बीटीआई रोड में शिव भक्त कांवड़ियों के स्वागत एवं सेवा के लिए भव्य भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कांवड़ यात्रा पर निकले शिवभक्तों को विश्राम, भक्ति और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराना रहा। आयोजन स्थल को आकर्षक रंगीन झालरों एवं प्रकाश से सजाया गया था, जहां देर रात तक भक्तिमय माहौल बना रहा। भजन संध्या में शिव भजनों की गूंज से पूरा परिसर शिवमय हो गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालु इसमें शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं कांवरियों को प्रसादी वितरण की और उनकी मंगल यात्रा की कामना करते हुए कहा कि शिव भक्तों की सेवा ही सच्ची सेवा है। समिति द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की उन्होंने सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सौहार्द और आस्था को मजबूत करते हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने नगर में निवासरत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान कर उनके त्याग, संघर्ष और राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल एवं फल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

विधायक सिन्हा ने कहा कि देश की आजादी केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि असंख्य वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, तपस्या, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने परिवार, सुख-सुविधाओं और व्यक्तिगत हितों की परवाह किए बिना मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवार भी उनके संघर्ष और त्याग के अभिन्न भागीदार रहे हैं। ऐसे परिवारों का सम्मान करना वास्तव में उन महान सेनानियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना है, जिन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। विधायक सिन्हा ने उपस्थित परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके अनुभवों एवं स्मृतियों को सुना। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों की गौरवशाली गाथाएं हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। हमें उनके आदर्शों, देशभक्ति, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना को अपने जीवन में अपनाते हुए देश के विकास में योगदान देना चाहिए।



### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों से भेंट कर भाजयुमो ने किया सम्मान

इसी तरह भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) शहर मंडल द्वारा शहर में निवासरत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों से भेंट-मुलाकात कर उनका सम्मान किया गया। भाजयुमो शहर अध्यक्ष राकेश सचदेव ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. गिरी एवं स्व. मेहता के परिवारजनों से मुलाकात कर परिवार के प्रमुख सदस्यों को शाल, श्रीफल एवं तिरंगा झंडा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राकेश सचदेव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अदम्य साहस, त्याग और संघर्ष का ही परिणाम है कि आज हमारा देश स्वतंत्र है। इस अवसर पर भाजयुमो महामंत्री दीपक राव, आयुष दुबे, भाजयुमो नेता गौरव राठी, गोपाल प्रधान, कुशाल साहू, डोमार तांडी, भुवनेश्वर साहू, अनिकेत राव, हरेंद्र सिंह, दीपेश बेलदार आदि मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### स्कूल परिसर में..

बिजली विभाग की ओर से अब तक नीचे झूल रहे तार को ऊपर उठाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द लटक रहे तारों को ठीक कराया जाए और ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था की जाए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस संबंध में पूर्व सरपंच पूर्व जनपद सदस्य एवं ओबीसी मोर्चा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रप्रकाश साहू ने कहा कि स्कूल ग्राउंड के अंदर से ट्रांसफार्मर हटाने संबंधित बिजली विभाग को कई बार आवेदन दे चुके हैं किंतु अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया है। इस संबंध में जेई अभिषेक लकड़ा ने कहा कि अभी तक मेरे जानकारी में शिकायत नहीं आया है फिर भी कल दिखवाता हूं।

### जिले के औद्योगिक ...

साथ लघु एवं मध्यम उद्योग संचालित हैं। इन संस्थानों में हजारों श्रमिक कार्यरत हैं। गंभीर बीमारी अथवा औद्योगिक दुर्घटना की स्थिति में बेहतर उपचार के लिए मरीजों को रायपुर सहित अन्य बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर आधुनिक अस्पताल की लंबे समय से जरूरत महसूस की जा रही है। बलौदाबाजार में 200 बिस्तर का ईएसआईसी अस्पताल स्थापित होने से औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर बेहतर और समय पर उपचार की सुविधा मिलने की उम्मीद है। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में दूसरे शहरों पर निर्भरता भी कम होगी।

## खबर संक्षेप

### पंचायत भवन में चोरी

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत भवन भोरिंग में चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम पंचायत सचिव परमानंद ने बताया कि 14 अगस्त को चपरासी रामकुमार ढीढी ने बताया कि ग्राम पंचायत भोरिंग के भवन के मुख्य गेट तथा अंदर रिकार्ड रूम तथा 04 आलमारी का ताला टूटा हुआ है और पुरानी इस्तेमाली 01 नग इंडक्शन कीमत 1500 रुपए, 01 नग एलईडी टीवी 6000 कुल कीमत 7500 रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2), 305 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक 23 को रहेंगे जिले में

**तेंदूकोना।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव 23 अगस्त को एक दिवसीय प्रवास पर जिले में रहेंगे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष का ग्राम बेलसोंडा महासमुंद एवं बागबाहरा में यादव समाज के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। अपने प्रवास में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जिला के यादव समाज के सभी प्रमुख पदाधिकारियों की बागबाहरा में बैठक लेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के साथ यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, न्याय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजू यादव, राजनीतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष तीरथ यादव, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदराम यादव साथ में रहेंगें। उक्त जानकारी झेरिया यादव समाज महासमुंद जिलाध्यक्ष प्रीतम यादव द्वारा दी गई।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समितियों की बैठक 25 को

**महासमुंद।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, जिला स्तरीय रिव्यु समिति एवं जिला स्तरीय आरसेटी परामर्शदात्री समिति की बैठक मंगलवार 25 अगस्त को शाम 4:30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में जिले के बैंकिंग कार्यों, वार्षिक जिला साख योजना, शैक्षिक ऋण, मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, डेयरी एवं मत्स्य पालन ऋण प्रकरणों सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जन-धन योजना, आधार एवं मोबाइल सीडिंग, रुपे कार्ड वितरण तथा शासन प्रायोजित विभिन्न स्वरोजगार एवं बैंक ऋण योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी।

### प्राथमिकता वाले तीन विकास कार्यों की पहचान कर उन्हें ग्रामसभा में साझा करने का निर्णय

# ग्रामसभा में ग्रामीणों ने लिया विकसित भारत ग्राम का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिले की सभी ग्राम पंचायतों में गुरुवार को जनसंवाद 2.0 विकसित भारत ग्राम संकल्प के अंतर्गत विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को विकसित भारत-ज़ी राम जी अधिनियम 2025 से संबंधित अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

विशेष ग्रामसभा के दौरान मेरा गांव-मेरी प्राथमिकता गतिविधि के माध्यम से ग्रामीणों से गांव में आवश्यक विकास कार्यों के संबंध में उनकी प्राथमिकताएं जानी गई। इसके लिए जल संरक्षण, फार्म पॉण्ड, पौधारोपण, ग्रामीण सड़क, आजीविका आधारित कार्य तथा सामुदायिक परिसंपत्तियों जैसे विषयों पर ग्रामीणों ने अपनी पसंद दर्ज की। प्राप्त मतों के आधार पर सर्वाधिक प्राथमिकता वाले तीन विकास कार्यों की पहचान कर उन्हें ग्राम सभा में साझा करने की व्यवस्था की गई।

125 दिवस रोजगार-मेरा अधिकार का दिलाया गया संकल्प-ग्राम सभा में ग्रामीणों को रोजगार, पारदर्शिता एवं जनभागीदारी से जुड़े अधिकारों की जानकारी देने के साथ 125 दिवस रोजगार-मेरा अधिकार विषय पर सामूहिक शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों ने गांव के विकास कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी करने तथा विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

ग्रामीणों के सुझावों से तैयार होगी ग्राम विकास की दिशा-विकसित भारत संदेश कार्ड के माध्यम से प्रत्येक परिवार से गांव में अपेक्षित विकास एवं बदलाव के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए गए। ग्रामीणों द्वारा दिए गए सुझावों को संकलित कर भविष्य में विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करने में उपयोग किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य ग्राम पंचायत की विकास योजना में स्थानीय आवश्यकताओं और ग्रामीणों की अपेक्षाओं को शामिल करना है।

विशेष ग्राम सभा में जनता पूछे-पंचायत जवाब दे संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों को रोजगार की मांग की प्रक्रिया, 125 दिवस रोजगार गारंटी, मजदूरी भुगतान व्यवस्था, शिकायत निवारण तथा विकसित ग्राम पंचायत योजना जैसे विषयों पर सवाल पूछने एवं अपनी जिज्ञासाएं रखने का अवसर मिला।

पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों एवं संबंधित कार्मिकों द्वारा प्रश्नों के उत्तर सरल भाषा में दिए गए तथा महत्वपूर्ण प्रश्नों एवं उत्तरों को ग्राम सभा की कार्यवाही में दर्ज करने की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्रामीणों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ मेरा गांव-मेरा संकल्प एवं विकसित भारत-हमारा लक्ष्य का सामूहिक संदेश दिया। ग्राम सभा में ग्रामीण विकास और राष्ट्र निर्माण को एक-दूसरे से जोड़ते हुए मेरा गांव-मेरा संकल्प, विकसित भारत की मजबूत नींव की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# पुलिस ने कन्या स्कूल में निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की, छात्राएं सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

साइबर अपराध मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के संकल्प के साथ जिला पुलिस द्वारा विशेष साइबर जागृति अभियान 15 अगस्त से 02 अक्टूबर के आयोजित किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में 20 अगस्त को थाना सिमगा पुलिस टीम द्वारा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा में पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की 60 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें उत्कृष्ट पेंटिंग और निबंध प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को पुलिस टीम द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं पुलिस टीम ने छात्राओं को ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बताए। जिला




पुलिस ने नागरिकों और विद्यार्थियों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, अपना ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।साइबर फ्रॉड (ऑनलाइन धोखाधड़ी) का शिकार होने पर तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

# गणेश बने शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष



**गोपालपुर/बिलाईगढ़।** विकासखंड बिलाईगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला छपोरा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति को पुनर्गठन किया गया, जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी का गठन किया गया।

इसमें अध्यक्ष गणेश राम निराला उपाध्यक्ष दिगम्बर हिरवानी व प्रधान पाठक को जिम्मेदारी प्राथमिक शाला छपोरा के प्रधान पाठक यादराम हिरवानी को संयुक्त शाला की प्रभार दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भागवत प्रसाद देवांगन शिक्षक जो छपोरा से बिना रिलीभ के अन्यत्र शाला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोंदली में छत्तीसगढ़ शासन के विपरीत व्यवस्था में गए है उन्हें तुरंत उनके मूल शाला में वापस किया जाए। यदि मूल शाला में वापस नहीं आता है तो शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सभी सदस्य जिला कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ से आग्रह करेंगे। उसके बाद अन्य कार्यवाही की जाएगी। अगले प्रस्ताव में जर्जर हो रहे शाला भवन की मरम्मत का मुद्दा लेकर जिला कलेक्टर से मुलाकात का निर्णय लिया गया।

बैठक मेंब्यास नारायण निराला, बृजदास मानिकपुरी, नरहरी दास मानिकपुरी, पुरुषोत्तम हिरवानी, दिगम्बर हिरवानी, गणेश निराला, मनीष हिरवानी, किशन हिरवानी, नरेंद्र हिरवानी, भानु प्रताप केवट, संतोष कुमार यादव, मेहतर केवट, रिंकू सिंह हिरवानी, नंद कुमार पटेल, रमा देवी महिलांगे, विंदेश्वरी कौशिक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# पुलिस की कार्यप्रणाली पर विधायक इन्द्र साव ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

▪ एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग

क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर विधायक इन्द्र साव ने नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। विधायक साव अलग-अलग मामलों की शिकायत लेकर एसपी के पास पहुंचे और मामलों में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की मांग की।

विधायक इन्द्र साव ने गुर्रा, दौरेंगा, दतरेंगी और सेमरिया (ब) में हुई मौतों के मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना चाहिए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही विधायक ने सिंगारपुर में अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई तथा फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग भी एसपी के समक्ष रखी। विधायक इन्द्र साव ने पीड़ित पक्ष के लोगों के साथ एसपी से मिले और सभी मामलों में निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की। विधायक ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो थाना घेराव कर आंदोलन किया जाएगा।

# समाज प्रमुखों ने आर्थिक रूप से कमजोर युगल प्रेमियों का कराया आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



**पारंपरिक रीति-रिवाजों से कराया विवाह**

बुधवार को ग्राम कोटियाडीह में बलौदा परिक्षेत्र के समाज प्रमुखों एवं ग्राम खैरझीटी के सामाजिकजनों की मौजूदगी में श्रीकृष्ण भगवान के छायाचित्र के समक्ष पारंपरिक रीति-रिवाज एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह कराया। समाज की ओर से नवविवाहित जोड़े को उपहार स्वरूप 5 हजार रुपये की सहयोग राशि भी प्रदान की गई। समाजजनों ने कहा कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी जरूरतमंद परिवार को विवाह जैसी सामाजिक जिम्मेदारी से वंचित नहीं होना चाहिए। आपसी संवाद, समझाइश और सामूहिक सहयोग से परिवारों के बीच रिश्तों को मजबूती देने के साथ समाज में सकारात्मक वातावरण बनाया जा सकता है।

झेरिया यादव समाज बलौदा परिक्षेत्र के समाज प्रमुखों की पहल और समझाइश से दो बालिग प्रेमी युगल का सामाजिक एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आदर्श विवाह कराया गया। ग्राम कोटियाडीह में 19 अगस्त को हुए इस विवाह में दोनों परिवारों की सहमति से न केवल दांपत्य जीवन की शुरुआत हुई, बल्कि दो परिवार भी सामाजिक एवं पारिवारिक रिश्तों के बंधन में भी जुड़ गए।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोटियाडीह निवासी 20 वर्षीय आरती यादव के पिता का निधन हो चुका है। वह अपनी माता के आश्रय में पली-बढ़ी और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण विवाह संपन्न कराना परिवार के लिए कठिन था। वहीं झेरिया यादव समाज बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के ग्राम खैरझीटी निवासी 23 वर्षीय राहुल कुमार यादव भी आर्थिक परिस्थितियों के कारण विवाह नहीं कर पा रहे थे। दोनों एक-दूसरे को पसंद करते थे।

इसकी जानकारी जब बलौदा परिक्षेत्र के समाज प्रमुखों को हुई तो उन्होंने दोनों पक्षों के परिजनों से चर्चा कर आपसी सहमति और सामंजस्य स्थापित कराया। परिवारों की सहमति मिलने के बाद समाज स्तर पर दोनों का विवाह कराने का निर्णय लिया गया। विवाह समारोह में समाज के अध्यक्ष बट्टूलाल यादव, उपाध्यक्ष पवन यादव, सचिव शिव यादव, कोषाध्यक्ष महावीर यादव, संरक्षक धनसाय यादव, सह-संरक्षक नरसिंह यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य इंदल यादव, जिला महामंत्री मनराखन यादव, प्रमुख सलाहकार बाबूलाल यादव, संगठन मंत्री धनसाय यादव सहित लक्ष्मणनारायण यादव, गौरीशंकर यादव, दूजराम यादव, रामबिलास यादव, बसंत यादव, शंकर यादव, रामचंद्र कुमार यादव, राकेश यादव, रुपेश यादव आदि मौजूद थे।

### अरंड में हुआ मानस गान का आयोजन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में तुलसी जयंती पर जय महावीर मानस मंडली अरंड द्वारा रामचरित्र मानस गान का आयोजन महावीर प्रांगण में किया गया। सर्वप्रथम सभी ने गोस्वामी तुलसी दास के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात तुलसी दास के व्यक्तित्व व कृतित्व पर शिवचरण ध्रुव प्रवचनकार व कौतुक पटेल शिक्षक द्वारा प्रकाश डाला गया। बाद रामचरित्र मानस गान हुआ।

**समक्ष नोटरी ऑफिसर सरसीवां**
**जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ (छ.ग.)**
**// शपथ पत्र //**

मैं कलामती महन्त (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/ सुपुत्री/ पत्नी **खीख दास महन्त** निवासी सोनादह एतद्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करती हुं तथा निम्नानुसार घोषित करती हूंः-

1. मैं सोनादह, पोस्ट व थाना-बिर्रा, तह-बम्हनीनडीह, जिला- सक्ति की स्थाई निवासी हूं। 2. यह कि मेरा पुराना नाम **कलामती महन्त** है और मैं अपना नाम बदलकर नया नाम **लच्छनावत कामिन** (LACHNAWAT KAMIN) करवाना चाहती हूं।
3. यह कि मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है। और न हीं किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. यह कि मैं नाम बदलकर कोई गैर कानूनी काम करती हुं तो उसके लिये मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।
5. यह कि मैं यह शपथपत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहीं हुं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ता**
**कलामती महन्त**

**// सत्यापन //**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूं कि इस शपथ पत्र कि कंडिका 1 से 5 तक कि वर्णित समस्त कथन मेरे स्वयं की जानकरी के अनुसार सहीं एवं सत्य है।

**सत्यापनकर्ता**
दिनांक :-20/08/2026 **कलामती महन्त**

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### कॉलेज की आरसीएम सेवा इकाई ने किया पौधारोपण

**बिलाईगढ़।** महाविद्यालय बिलाईगढ़ में आरसीएम सेवा इकाई द्वारा विगत दिनों वृहद पैमाने पर पौधारोपण किया गया। यह प्रकृति को समर्पित पर्यावरणीय कार्य वृक्ष वृद्धि अभियान के तहत महाविद्यालय परिवार सहितआरसीएम सेवा इकाई के वरिष्ठ वकील रामनारायण भट्ट, कुसुम बसंत, स्नेह लता ठाकुर गणेश राम देवांगन, कलप राम बंजारा एवं सहयोगी सदस्य द्वारा संपन्न हुआ। इस प्रशंसनीय कार्य हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने आरसीएम सेवा इकाई को धन्यवाद व्यक्त करते हुए प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं आरसीएम सेवा इकाई के सभी समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कॉलेज में मनाई गई तुलसीदास की जयंती



**खरोरा।** स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय के हिंदी विभाग में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में गोस्वामी तुलसीदास के हिंदी साहित्य में उनके योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य आरके साहू ने की। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. वाल्मीकि साहू ने तुलसीदास के साहित्य की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रामचरितमानस भारतीय लोकजीवन, संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं मानवीय आदर्शों का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। उन्होंने विद्यार्थियों से तुलसी साहित्य के अध्ययन से जीवन-मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### शहीद घनश्याम कन्नौजै की पुण्यतिथि आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 21 अगस्त को शाम 5 बजे बिरकोनी के शहीद घनश्याम कनौजै की 15वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि का कार्यक्रम होगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि माओवादी प्रभावित बीजापुर क्षेत्र में शहीदों घनश्याम कन्नौजै ने माओवादियों से लोहा लेते हुए कुर्बान हो गए।

### विशाल रक्तदान शिविर 23 को

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में संस्थान की भूतपूर्व प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि के 19वीं पुण्यतिथि पर स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन में 23 अगस्त रविवार को प्रातः 10 से संध्या 4 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने दी है।

## निधन

### हेमा केसरवानी



**बलौदाबाजार।** स्व. शंकरलाल केसरवानी की बहू एवं सुभाष केसरवानी की पत्नी हेमा केसरवानी का निधन हो गया। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों एवं परिचितों में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार 20 अगस्त को शाम रायपुर रोड स्थित मोक्षधाम में किया गया। परिजनों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बोलने वाली राखियों से लेकर सोने-चांदी के लुंबा तक की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

रक्षाबंधन में अब महज एक सप्ताह का समय शेष रह गया है। त्योहार नजदीक आते ही बाजार भी रंग-बिरंगी राखियों से पूरी तरह सजकर तैयार हैं। थोक विक्रेताओं के यहां राखियों की अधिकांश खेप बिक चुकी है और अब बाजार में राखियों की नई-नई वैरायटी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इस बार बाजार में बोलने वाली राखियां खास आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। इन राखियों की डोर भाई की कलाई पर बंधते ही इनमें रिकॉर्ड की गई आवाज सुनाई देती है। एक राखी में भैया मेरे, राखी के बंधन को निभाना गीत बजता है। इसकी कीमत करीब 75 से 100 रुपये तक है। इसी तरह दूसरी बोलने वाली राखियों में राखी बंधन है ऐसा जैसे गीत बजने के साथ आरती भी शुरू हो जाती है। बच्चों और युवतियों के बीच ऐसी राखियों की खास मांग देखी जा रही है। बाजार में सामान्य डोर वाली राखियां 2 रुपये से लेकर 50 रुपये तक उपलब्ध हैं। इसके अलावा ब्रेसलेट राखी, चांदी की डोर, चांदी की राखी, रेशम और सोने की डोर के साथ ही सोने की राखियां भी बाजार में मौजूद हैं। महंगी राखियों की ओर भी ग्राहकों का रुझान देखने को मिल रहा है। थोक विक्रेता रवि मोटवानी के अनुसार इस बार बाजार में महंगी राखियों की मांग ज्यादा है। वहीं रमेश विरानी ने बताया कि सस्ती राखियों की खपत अपेक्षाकृत कम है।



**रक्षाबंधन के लिए सजा बाजार**

### लुंबा राखियों की बढ़ी मांग

रक्षाबंधन पर अब बहनें केवल भाई की कलाई पर ही राखी नहीं बांधतीं, बल्कि भाभी के लिए लुंबा राखी भी खरीदती हैं। बाजार में लुंबा की भी कई आकर्षक वैरायटी उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 10 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक है। इसके अलावा सोने और चांदी के लुंबा भी बाजार में मौजूद हैं। कुल मिलाकर रक्षाबंधन से पहले बाजार में राखियों की रौनक देखते ही बन रही है। थोक बाजार में अब राखियां नाममात्र ही बची हैं। अधिकांश फुटकर दुकानदारों ने करीब एक महीने पहले ही राखियों की खरीदारी कर ली थी।

### अल्ट्राटेक सीएसआर एवं ब्रह्माकुमारी संस्था का जागरूकता अभियान

# नशा मुक्ति अभियान से 1500 से अधिक लोग हुए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन





अल्ट्राटेक सीएसआर हिरमी एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, हिरमी के संयुक्त तत्वावधान में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से नशा मुक्ति प्रतिज्ञा अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति संघ हिरमी, संयंत्र के ट्रक यार्ड, ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय विद्यालय हिरमी सहित कुथरौद, सकलोर, बरडीह, मोहरा, भिलौनी, भटभेरा एवं बुडागहन के विद्यार्थियों, शिक्षकों, ग्रामीणों, युवाओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को शामिल किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी संस्था हिरमी की नमिता बहन जी ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान 1538 लोगों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीएसआर के प्रबंधक वैभव त्रिपाठी ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों के साथ निरंतर जन-जागरूकता आवश्यक है। अल्ट्राटेक सीएसआर एवं ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा संचालित इस अभियान के माध्यम से स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अल्ट्राटेक सीएसआर से आशुतोष खरे, सहायक सीएसआर, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, रामनिहोर साहू, उमाशंकर धीवर, तारणी राजपूत, सविता वर्मा एवं हेमलाल साहू तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था हिरमी से प्रीति बहन जी का विशेष सहयोग रहा।

# सड़क पर बना डबरीनुमा गड्ढा हादसे का खतरा, जिम्मेदार बेखबर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

बलौदाबाजार-सुहेला-हथबंद मुख्य मार्ग पर ग्राम कोकड़ी के समीप सड़क की बदहाल स्थिति राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। लंबे समय से नवीनीकरण की बाट जोह रही सड़क पर डाबरीनुमा गड्ढा बन गया है, जिसमें बारिश का पानी भरने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। करीब तीन माह से बनी इस स्थिति के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक सुधार नहीं कराया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार गड्ढे में आए दिन दोपहिया वाहन और साइकिल सवार फंसकर परेशान होते हैं। इसी मार्ग से स्कूल बसों के साथ एंबुलेंस का भी आवागमन होता है। ऐसे में सड़क की यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग से सड़क की मरम्मत की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

यह मार्ग बलौदाबाजार से सुहेला-हथबंद क्षेत्र को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इसी रास्ते से बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के राजस्व मंत्री के गृह ग्राम चापा सहित आसपास के गांवों में आवागमन होता है। इसके बावजूद सड़क की बदहाली पर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जाना ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से सड़क के गड्ढे को तत्काल भरने तथा क्षतिग्रस्त सड़क का स्थायी सुधार कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुगम हो सके और संभावित दुर्घटना को टाला जा सके।

## श्री महासती मंदिर का 74वां वार्षिकोत्सव 23 से 25 अगस्त तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



श्री महासती मंदिर का 74वां वार्षिकोत्सव 23 से 25 अगस्त तक मनाया जायेगा। 24 अगस्त द्वादश के दिन मुख्य कार्यक्रम में सुबह 9 बजे सुंदरकांड पाठ, दोपहर 12 बजे मुख्य गर्भगृह में छप्पन भोग व महाआरती होगी। दोपहर 2 बजे से रामराज्यभिषेक एवं पं. अजय महाराज तथा बिंदु सत्संग मंडल एवं श्याम मित्र मंडल भाटापारा द्वारा संपन्न के बाद श्रीराम दरबार की आरती व प्रसाद वितरण होगा। रात 7 बजे पुनः मुख्य दरबार की आरती तथा रात्रि 8 बजे से ग्वालियर से आ रहे भजन प्रवाहिक मनोज शर्मा का भजन कार्यक्रम होगा, जो प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। ज्ञात हो सतियों के मंदिरों में श्री महासती मंदिर छत्तीसगढ़ की सर्वप्रथम मंदिर है, जहां मुख्य गर्भगृह में तीन देवियां क्रमशः श्री महालक्ष्मी, श्रीमहासतीजी, श्री महादुर्गा विराजमान है तथा परिक्रमा मार्ग में अनेक देवी देवताओं के मंदिर भी है। मंदिर में कुल सात अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित है, जिसमें गर्भगृह में दो, श्री हनुमानजी की एक तथा चार अखंड ज्योत श्री शिवजी के मंदिर में जल रही है। मंदिर स्थापना के समय से चित्रकूट के पं. रामपालजी त्रिपाठी अपनी सेवाएं देते रहे। तत्पश्चात उनके निधन के बाद से वर्तमान में उनके पुत्र पं.उमाकांत सेवाएं दे रहे हैं। अतः सभी भक्तजन मातारानी का दर्शन कर लाभ प्राप्त करें।

# स्वतंत्रता दिवस पर व्याख्याता रामावतार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



स्वतंत्रता दिवस पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयदा में शाला विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2025 की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय द्वारा उत्कृष्ट परिणाम लाने पर गणित व्याख्याता रामावतार वर्मा को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रजनी दिनकर, सरपंच, ग्राम पंचायत कोयदा ने कहा कि श्री वर्मा के मार्गदर्शन से विद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

कक्षा 10वीं में कुमारी मधु साहू ने जिला मेरिट में चतुर्थ स्थान एवं कुमारी ओम सती यादव ने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं गणित संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने शिक्षक एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। विशिष्ट अतिथि हेमंत साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष एवं पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष ने कहा कि यह सफलता शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने श्री वर्मा से आग्रह किया कि वे इसी समर्पण के साथ विद्यार्थियों को आगे भी मार्गदर्शित करें। शिक्षाविद झास्केतन साहू ने कहा कि कोयदा के बच्चों और रामावतार वर्मा ने पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य, पालकगण, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने तालियों के साथ सम्मानित शिक्षक का अभिनंदन किया।

# शिक्षक प्रवीण कुमार का अमलडीहा स्थानांतरण



**खरोरा।** प्राथमिक शाला छड़िया के शिक्षक प्रवीण कुमार साहू का शासकीय प्राथमिक शाला अमलडीहा में स्थानांतरण होने पर उन्हें विद्यालय से कार्यमुक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने शिक्षक प्रवीण कुमार साहू को नवीन पदस्थापना के लिए बधाई दी। इसके पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला अमलडीहा के प्रधानपाठक अब्दुल सलाम खान द्वारा उन्हें विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया गया। नवीन पदस्थापना पर शिक्षक प्रवीण कुमार साहू ने विद्यालय के बच्चों के साथ आत्मीयता बढ़ाने के उद्देश्य से उन्हें पेन, पेंसिल एवं मिठाई वितरित कर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने शिक्षक के नए कार्यस्थल पर सफल एवं सुखद कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



छत्तीसगढ़ कुनबी समाज महासंगठन की शाखा भाटापारा में जिला महिला मंडल द्वारा सावन उत्सव, मनाया गया।

सावन के इस उत्सव में स्टेशन वार्ड की पार्षद लक्ष्मी ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर उन्होंने सावन उत्सव में शामिल महिलाओं को कहा की हर महिला को एक पेड लगाना चाहिए। जैसे हम महिला अपना घर संभालते हैं। ठीक उसी तरह एक पेड़ की देखभाल कर सकते हैं। महिला अध्यक्ष मेघा चुटे ने सावन उत्सव महिलाओ के आनंद के लिए जरुरी है। इस सावन उत्सव में बडे बुजुर्ग महिलाओं के साथ लडकिया और छोटे बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से सहयोग जिला अध्यक्ष, प्रेम बोहरे एवं महिला कार्य. अध्यक्ष रजनी मुनेश्वर, मधु बहेकार सिमा बोहरे, सत्यभामा वाडी, विमला शिवणकर एवं अन्य महिला सदस्य उपस्थित होकर सहयोग किया।

पार्षद ने किसी एक महिला को सावन क्विन घोषित करने की बजाए सभी महिलाओं को सावन क्विन से संबोधित किया। कार्यक्रम में महिलाओं का नाच गाना और झुलो के आनंद के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया।

# छात्रावास में प्रवेशित छात्रों की जानकारी अब पोर्टल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम-छात्रावासों में निवासरत छात्रावासी छात्र-छात्राओं का पंजीयन विभाग द्वारा संचालित छात्रावास-आश्रम प्रबंधन प्रणाली पोर्टल में किया गया है।

पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त पोर्टल में प्रवेशित समस्त छात्र छात्राओं की जानकारी को पोर्टल के होम पेज पर प्रदर्शित किया जायेगा। पोर्टल के विद्यार्थी उपस्थिति रिपोर्ट मेनू में क्लिक कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। समस्त संस्था में प्रवेशित छात्र-छात्राओं की जानकारी एवं हर माह की उपस्थिति पोर्टल में प्रदर्शित की जाएगी। साथ ही उक्त पोर्टल में शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के अंतर्गत लाभान्वित छात्र-छात्राओं की जानकारी एक क्लिक कर प्राप्त की जा सकती है।

### ग्राम हिरमी में 18 से 24 अगस्त तक शिवमहापुराण कथा

# शिवमहापुराण कथा में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्राम हिरमी में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन 18 से 24 अगस्त तक श्री बालाजी मंदिर प्रांगण में जारी है। कथा का वाचन राधिका किशोरी द्वारा किया जा रहा है। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शिव इच्छा तक कथा जारी है। कथा के दौरान भगवान शिव की महिमा, शिव-पार्वती विवाह, विभिन्न धार्मिक प्रसंगों एवं सनातन संस्कृति से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। आयोजन के तहत प्रतिदिन अलग-अलग धार्मिक प्रसंगों का वाचन किया जा रहा है। 21 अगस्त को सती चरित्र एवं पार्वती जन्म, 22 अगस्त को शिव-पार्वती विवाह महोत्सव, 23 अगस्त को कार्तिकेय जी एवं गणेश जी का प्राकट्य तथा 24 अगस्त को जालंधर दैत्य, महिषासुर वध एवं अन्य धार्मिक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा आयोजन को लेकर ग्राम हिरमी सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों एवं शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### आज शिव पार्वती का विवाह

**भटगांव।** नगर के केसरवानी मंगल भवन में चल रहे शिव महापुराण कथा एवं महारुद्राभिषेक के आठवें दिन गुरुवार को कथा वाचक संत पवन कुमार महाराज ने भगवान शिव की महिमा और शिवलिंग के महत्व से जुड़े प्रसंगों को सुनाया। कथा स्थल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, भजनों और जयकारे की बीच कथा का आयोजन हुआ। संत पवन कुमार महाराज ने कहा कि सावन माह में शिवलिंग के दर्शन और विधि विधान से पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने जलाभिषेक एवं शिव आराधना को शुभ बताया। जानकारी दी कि सावन मास में चल रहे कथा में शिव एवं पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिव पार्वती विवाह प्रसंग को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ रहा है।



स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411